


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, सोमवार, 17 नवम्बर-2025

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक


वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष -43 ● अंक 79 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया










## नीतीश की ताजपोशी 20 को, प्रधानमंत्री भी होंगे शामिल



**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद नई सरकार के गठन की प्रक्रिया तेज हो गई है। भाजपा-जदयू के मंत्रियों की संख्या लगभग बराबर 16-16 होगी। लोजपा (आर) से 2, हम और रालोमो से 1-1 मंत्री होंगे। आज सोमवार सुबह 11.30 बजे नीतीश सरकार की मौजूदा कैबिनेट की आखिरी बैठक में विधानसभा भंग करने का प्रस्ताव पारित किया गया। इसके बाद नीतीश कुमार राज्यपाल को अपना इस्तीफा देकर नई सरकार बनाने का दावा भी पेश करेंगे। 20 नवंबर को गांधी मैदान में नीतीश कुमार 10वीं बार बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। गांधी मैदान में इसकी तैयारी चल रही है। शपथ ग्रहण में पीएम नरेंद्र मोदी भी रहेंगे। मुख्यमंत्री आवास पर व्‍ळ विधायक दल की महत्वपूर्ण बैठक भी बुलाई गई है।

# न थी मेरी किस्मत कि देखूं मदीना

## मक्का से मदीना जा रहे भारतीयों की बस टकरा गयी टैंकर से, 45 ने गंवायी जान

● दोनों वाहनों के टकराने के बाद लगी भीषण आग

● मरने वालों में 20 महिलाएं और 11 बच्चे ज्यादातर हैदराबाद के निवासी

● बस का चालक जिंदा बच गया, हादसे के वक्त सो रहे थे यात्री



**रियाद।** सऊदी अरब में सोमवार देर रात एक सड़क हादसे में 45 भारतीयों की मौत हो गई। मक्का से मदीना जाते समय इनकी बस डीजल टैंकर से टकरा गई और इसमें आग लग गई। मृतकों में 20 महिलाएं और 11 बच्चे शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक, हादसे में सिर्फ बस का ड्राइवर ही जिंदा बचा है। मृतकों में ज्यादातर हैदराबाद के बताए जा रहे हैं। हादसा मदीना से लगभग 160 किलोमीटर दूर मुहरास के पास भारतीय समयानुसार रात लगभग 1:30 बजे हुआ। उस समय कई यात्री सो रहे थे। उन्हें बचने का कोई मौका नहीं मिला। तेलंगाना सरकार ने कहा है कि वह रियाद में भारतीय दूतावास के संपर्क में है। राज्य सरकार की ओर से जारी बयान में बताया गया कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने दिल्ली में मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे दूतावास से नजदीकी तालमेल बनाकर पीड़ितों की पहचान और अन्य औपचारिकताओं में मदद करें। जेद्दा में भारतीय दूतावास ने हेल्पलाइन जारी किया है। दूतावास ने कहा, 'सऊदी अरब के मदीना के निकट भारतीय उमरा तीर्थयात्रियों के साथ हुई दुखद बस दुर्घटना को देखते हुए जेद्दा स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास में 24x7 कंट्रोल रूम बनाया हेल्पलाइन का संपर्क विवरण 8002440003 है।' घटना के बाद तेलंगाना सरकार ने सचिवालय में कंट्रोल रूम बनाया है, ताकि परिजन अपने परिजनों के बारे में जानकारी ले सकें। परिवारजन 79979-59754 और 99129-19545 नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं। बताते चलें कि उमरा को साल के किसी भी दिन किया जा सकता है और इसके लिए कोई खास तारीख नहीं होती। उमरा फर्ज नहीं है, बल्कि मक्का-मदीना की तीर्थयात्रा का एक छोटा रूप है, जिसे कोई भी मुसलमान कभी भी, जितनी बार चाहे कर सकता है। जबकि हज करने के लिए खास इस्लामी तारीखें होती हैं (इस्लामी कैलेंडर के जिलहिज्जा महीने की 8 से 12 तारीख के बीच)। उमरा कभी भी किया जा सकता है।

### विदेश मंत्री ने जताया दुःख

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सऊदी अरब में हुए हादसे पर दुख जताया। जयशंकर ने कहा- 'मदीना में भारतीय नागरिकों के साथ हुई दुर्घटना से गहरा सदमा पहुंचा है। रियाद स्थित हमारा दूता-वास दुर्घटना से प्रभावित भारतीय नागरिकों और उनके परिवारों को पूरी सहायता प्रदान कर रहे हैं।'

### हादसे पर पीएम ने जताया दुख

प्रधानमंत्री मोदी ने सऊदी अरब के मदीना में भारतीय तीर्थयात्रियों की दुखद मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया है। बस और डीजल टैंकर की टक्कर में 45 उमराह तीर्थयात्रियों के निधन पर उन्होंने संवेदना जताई, साथ ही भारतीय दूतावास व वाणिज्य दूतावास को हर संभव सहायता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### ओवैसी ने शवों को भारत लाने की अपील की

हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने सऊदी अरब में भारतीय उमरा यात्रियों की बस दुर्घटना पर दुख जताया है। न्यूज एजेंसी एएनआई से फोन पर बातचीत में ओवैसी ने बताया कि उन्होंने हैदराबाद की दो ट्रैवल एजेंसियों से संपर्क किया है और यात्रियों की जानकारी रियाद स्थित भारतीय दूतावास के साथ साझा की है। उन्होंने रियाद में भारतीय दूतावास के डिप्टी चीफ ऑफ मिशन (DCM) अबू मैथन जॉर्ज से भी बात की। जॉर्ज ने उन्हें बताया कि स्थानीय अधिकारियों से जानकारी जुटाई जा रही है और जल्द ही अपडेट दिया जाएगा। ओवैसी ने कहा मैं केंद्र सरकार से, खासकर विदेश मंत्री जयशंकर से अपील करता हूं कि शवों को जल्द से जल्द भारत लाया जाए और घायलों को जरूरी चिकित्सा मुहैया कराई जाए।

## एनआईए की कस्टडी में भेजा गया आतंकी आमिर राशिद




● कई और राज फाश होने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** दिल्ली कार ब्लास्ट की साजिश रचने वाले आरोपी आमिर राशिद अली को 10 दिन एनआईए की कस्टडी में भेज दिया गया है। सोमवार को उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे कस्टडी में भेज दिया गया। बता दें कि कल रविवार को एनआईए की टीम ने आतंकी उमर नबी के साथी आमिर राशिद अली को गिरफ्तार किया था। जांच में पता चला था कि आमिर और उमर ने मिलकर दिल्ली ब्लास्ट की साजिश रची थी। वहीं, आरोपी आमिर राशिद अली एनआईए की पूछताछ में बड़े खुलासे कर सकता है। अब एनआईए की टीम 10 दिन तक उससे पूछताछ करेगी। एनआईए की टीम ने कश्मीर के रहने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए युवक ने ही आत्मघाती हमलावर के साथ मिलकर इस आतंकी हमले की साजिश रची थी। दिल्ली में हुए आतंकी विस्फोट में 10 लोगें की मौत हुई और 32 लोग घायल हुए थे। आमिर राशिद अली के नाम पर हमले में शामिल कार पंजीकृत थी। एनआईए ने सुसाइड बॉम्बर के सहयोगी को दिल्ली से गिरफ्तार किया है।

## बिहार : नई सरकार में बीजेपी और जेडीयू के 16-16 मंत्री

● 20 नवम्बर को कुल 36 मंत्री लेंगे शपथ

**पटना।** बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के नेतृत्व में नई सरकार की प्रक्रिया तेज हो गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज कैबिनेट की बैठक के बाद राज्यपाल इस्तीफा सौंपेंगे और इसके बाद नई सरकार बनाने की प्रक्रिया शुरू होगी। 20 नवंबर को शपथ ग्रहण समारोह होगा। नीतीश कुमार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। उनके समेत कुल 36 मंत्री नई सरकार में मंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। इसका फॉर्मूला तय हो चुका है। एनडीए के सभी घटक दल के नेता नीतीश कुमार से मुख्यमंत्री आवास पर जाकर मिल चुके हैं। नई सरकार में भारतीय जनता पार्टी और जनता दल यूनाईटेड से 16, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) से दो, हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा से एक-एक मंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। 24 से 48 घंटे में सभी पार्टियां अपने-अपने मंत्रियों की सूची फाइनल कर लेगी। 20 नवम्बर को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां शुरू हो गयी हैं।




## एमपी और राजस्थान में ठंड दिखाने लगी तेवर

**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। राजस्थान में रविवार को दिन और रात के तापमान में 1 से 2 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। रविवार को प्रदेश के 16 शहरों में पारा 10 डिग्री से कम रिकॉर्ड किया गया। ज्यादातर शहरों में रात का तापमान सामान्य से 6 डिग्री तक रहा। सीकर 4.3 डिग्री पारे के साथ सबसे ठंडा रहा। मध्य प्रदेश के भोपाल और इंदौर दोनों जगह न्यूनतम तापमान 6.4 डिग्री दर्ज हुआ। 84 साल में नवंबर का यह सबसे कम तापमान है। भोपाल में 24 घंटे में पारा 1.6 डिग्री और गिरा। इधर, दिल्ली में रविवार को ठंड ने नवंबर में 3 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। न्यूनतम तापमान 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो सामान्य से 4.5 डिग्री कम है। हालांकि अभी कोल्ड वेव घोषित नहीं की गई, लेकिन मौसम विभाग ने कहा है कि अगर सोमवार को भी दो या ज्यादा मौसम केंद्र लगातार दूसरे दिन मानक पूरे करते हैं तो कोल्ड वेव की घोषणा कर दी जाएगी।

## बड़ी अदालत ने सहारा समूह की याचिका पर सुनवाई छह सप्ताह के लिए टाल दी

● कोर्ट ने केंद्र से न्यायमित्र के प्रस्तुत नोट पर भी जवाब दाखिल करने को कहा



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को सहारा समूह की याचिका पर सुनवाई छह सप्ताह के लिए टाल दी, जिसमें अदाणी समूह को संपत्ति बेचने की अनुमति मांगी गई थी। कोर्ट ने केंद्र से इस मुद्दे पर न्यायमित्र के प्रस्तुत नोट पर भी जवाब दाखिल करने को कहा है। मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश की पीठ ने इस मामले में सहकारिता मंत्रालय को पक्षकार बनाया। इससे पहले केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सहारा समूह ने कई सहकारी समितियां बनाई हैं, जो प्रभावित हो सकती हैं। इस मामले में न्यायमित्र वरिष्ठ अधिवक्ता शेखर नफड़े ने कोर्ट को एक नोट सौंपते हुए कहा कि उन्हें सहारा समूह द्वारा बेची जाने वाली संपत्तियों के संबंध में बहुत सारी आपत्तियां मिली हैं और विशेष रूप से उन्होंने 34 संपत्तियों के संबंध में आपत्तियां दर्ज कराई हैं।

## राम मंदिर ध्वजारोहण में शामिल होंगे पीएम आठ हजार विशिष्ट मेहमान करेंगे भागीदारी

**अयोध्या।** राम मंदिर में 25 नवंबर को होने वाला ध्वजारोहण समारोह स्वतंत्रता दिवस जैसे राष्ट्रीय समारोह की गरिमा के साथ संपन्न होगा। वैदिक परंपराओं और आधुनिक शिष्टाचार के बीच सुबह 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक निर्धारित शुभ मुहूर्त में ध्वजारोहण की प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। इसी अवधि के भीतर चुने गए 30 मिनट के श्रेष्ठ मुहूर्त में ध्वज फहराया जाएगा। यह मुहूर्त दोपहर 12 से 12:30 बजे तक होगा। समारोह की सबसे महत्वपूर्ण घड़ी वह क्षण होगा जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत स्वतंत्रता दिवस के अनुरूप ही ध्वज फहराने की प्रक्रिया पूरी करेंगे। ध्वज को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सलामी दी जाएगी।

जनमुख
हिन्दी दैनिक
City लाइव
● तापमान अधिकतम : 23.8°C
● तापमान न्यूनतम : 20.8°C
● सूर्योदय : 06.10
● सूर्यास्त : 05.14
वाराणसी, 17 नवम्बर, सोमवार, 2025 (3)


छाया : जनमुख डेस्क





## ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**वाराणसी।** जंसा थाना क्षेत्र में रविवार देर रात एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। यह घटना सारंगपुर (चकछेलवा) के पास रेलवे ट्रैक पर लगभग 11 बजे हुई। पुलिस प्रथम दृष्टया इसे आत्महत्या का मामला मान रही है और जांच कर रही है। मृतक की पहचान खरगूपुर गांव निवासी त्रिभुवन पटेल के पुत्र अजय पटेल के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, अजय रविवार देर रात किसी मोबाइल नंबर पर लंबे समय से बात करने के बाद घटनास्थल की ओर गया था और ट्रेन की चपेट में आ गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। कई घंटों की खोजबीन के बाद परिजनों को रेलवे ट्रैक के पास अजय का शव मिला। उन्होंने तत्काल घटना की सूचना जंसा पुलिस को दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## युवक ने फंदे से लटककर दी जान

**वाराणसी।** वाराणसी जिले के मंडुवाडीह थानाक्षेत्र के गुडमार्निंग कालोनी में युवक ने पेड़ की डाल से लटककर खुदकुशी कर ली। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। मौके पर पहुंची पुलिस घटना की जांच में जुटी। जानकारी के अनुसार सोमवार को रामप्रसाद उर्फ राजन ने 112 पर सूचना देकर बताया कि उसके चचेरे भाई डब्लू कुमार (35) पुत्र राम अचल हरिजन ने पेड़ में फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। जानकारी होने पर लहरतारा चौकी इंचार्ज मौके पर पहुंचे। फील्ड यूनिट की टीम को भी बुलाया गया। इसके बाद पुलिस शव को उतरवाकर अग्रिम विधिक कार्रवाई में जुट गई।

# हवा में घुल रहा जहर!

## वातावरण में बढ़ रहा प्रदूषण, AQI पहुंचा 297



● बच्चे और बुजुर्गों के लिए विशेष एहतियात

● भेलूपुर का एक्यूआई सबसे खराब, बीएचयू में भी स्थिति संतोषजनक नहीं

**वाराणसी।** वाराणसी में सोमवार की सुबह लोगों ने प्रदूषण की चादर ओढ़े हुए शहर को देखा। सुबह-सुबह जैसे ही लोग घरों से निकले, उन्हें हवा में फैली धुंध ने साफ संकेत दे दिया कि यहां की हवा बेहद खराब हो चुकी है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) के ताज़ा आंकड़ों के अनुसार शहर का समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) 297 दर्ज किया गया, जो 'खराब' श्रेणी में आता है। इस स्तर की हवा खासकर बुजुर्गों, बच्चों और सांस संबंधी बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए गंभीर खतरा पैदा करती है। शहर के प्रमुख मॉनिटरिंग स्टेशनों पर भी हवा की गुणवत्ता बिगड़ती दिखाई दी। भेलूपुर का AQI 285 दर्ज हुआ जो सीमा से काफी ऊपर है। अर्दली बाज़ार में 265 और मलदहिया में 278 का AQI रहा। बीएचयू जैसे हरे-भरे क्षेत्र में भी हवा ने राहत नहीं दी और वहां सूचकांक 269 पाया गया। इसी तरह निराला नगर में AQI 283 रहा। इन सभी आंकड़ों से स्पष्ट है कि पूरा शहर प्रदूषण की मार झेल रहा है और वायु गुणवत्ता में गिरावट हर इलाके में समान रूप से महसूस की जा रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि वायु प्रदूषण बढ़ने के पीछे कई वजहें हैं। शहर में बढ़ता ट्रैफिक, निर्माण कार्यों से उठने वाली धूल, ठंड के मौसम की शुरुआत में हवा का भारीपन, और औद्योगिक गतिविधियों से निकलने वाला धुआं। मौसम विभाग के अनुसार हवा की गति कम होने के कारण प्रदूषक कण वातावरण में ऊपर नहीं उठ पा रहे, जिससे ये शहर की हवा में ही जमा होते जा रहे हैं। ये स्थिति बच्चों और बुजुर्गों के लिए खतरनाक है। इस समय सावधानी ही सबसे बड़ा बचाव है।

### अधिक AQI दिखे तो मास्क पहनें

डॉक्टरों ने सलाह दी है कि ऐसे मौसम में लोग बाहर निकलने से पहले सावधानी बरतें। सांस की बीमारी वाले मरीजों के लिए यह स्थिति खतरनाक हो सकती है। विशेषज्ञों ने अधिक समय घर के अंदर रहने, N95 या बेहतर गुणवत्ता वाले मास्क का उपयोग करने, पानी अधिक पीने और सुबह की सैर जैसे कार्यों को कुछ दिनों तक टालने की अपील की है।

## खोदकर छोड़ दी गयी सड़कों के खिलाफ रोष



● व्यापारियों ने नगर आयुक्त का किया घेराव, उठाए सवाल, महापौर से भी की मुलाकात

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल काशी प्रांत के महानगर अध्यक्ष राकेश जैन के नेतृत्व में नगर के व्यापारियों ने नगर आयुक्त की अनुपस्थिति में अपर नगर आयुक्त विनोद गुप्ता को पत्रक दिया इस अवसर पर राकेश जैन द्वारा बतलाया गया कि नगर निगम द्वारा जगह-जगह सड़कों को खोद कर डाल दिया गया है जिसको जल्द से जल्द ठीक करने की मांग की गई। नगर निगम के ठीक सामने शहीदों की स्मृति में बने चित्रों को टीन लगाकर ढंक दिया गया है पार्क में बड़े-बड़े टीन लगाकर घेर दिया गया है इस संदर्भ में अपर नगर आयुक्त से जानकारी मांगी गई परंतु अपर नगर जानकारी नहीं दे सके। इस संदर्भ में राकेश जैन के नेतृत्व में व्यापारियों ने नगर प्रमुख अशोक तिवारी से भेंट किया। व्यापारियों ने कहा है कि सुंदरीकरण के नाम पर कोई भी अवैध निर्माण नहीं करने दिया जाएगा काशी वाशी पार्क को काट कर सिटी कमांड सेंटर बनाने की तरह कोई भी योजना का विरोध किया जायेगा। पत्रक देने वालों में राम भारत ओझा, दिनेश चौरसिया, हेमंत, बाबू जायसवाल, संतोष यादव, कृष्णा केसरी, पुरुषोत्तम, विजय बहादुर सिंह, बाबू खान उपस्थित थे।

## रोटरी एवं इनरव्हील क्लब ग्रेटर ने कैदियों का किया स्वास्थ्य परीक्षण



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** रोटरी एवं इनरव्हील क्लब वाराणसी ग्रेटर द्वारा सेंट्रल जेल के सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस राधा कृष्ण मिश्रा के मुख्य आतिथ्य में शनिवार को मेडिकल कैंप व हारमोनियम एवं स्वेटर वितरण का आयोजन किया गया। विशिष्ट अतिथि सेंट्रल जेल के ही मेडिकल सुपरिटेंडेंट डा. अभिषेक थे। मेडिकल कैंप में कैदियों का दंत परीक्षण एवं इलाज डा. रजत सिंह एवं टीम द्वारा किया गया। डा. हिमांशु त्रिवेदी द्वारा जेडी हॉस्पिटल के सहयोग से 309 कैदियों का फ्री हैल्थ चेकअप, शूगर टेस्ट, बोन डेंसिटी टेस्ट, हार्ट की जा-ंच की गयी। आंखों की जांच डाक्टर की टीम द्वारा की गयी। इस अवसर पर अध्यक्ष संदीप प्रह्लादका एवं संगीता अग्रवाल द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि एवं सहयोगी डाक्टरों का सम्मान किया गया । कार्यक्रम की संयोजक उदय रामगढ़िया एवं भावना कालरा थीं। सभा का संचालन परिमल अग्रवाल एवं शिवा सिलेट ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से चार्टर अध्यक्ष देव प्रमोद अग्रवाल, अनुपम अग्रवाल, राकेश कालरा, अनीता साह, रूपाली अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, प्रकाश, डा. प्रिया आदि उपस्थित रहीं।

## निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्थाओं को नगर आयुक्त ने दी चेतावनी



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने रविवार को सीएम ग्रिड योजना के अंतर्गत शहर में चल रहे चार साइड के कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सोनिया रोड, सुंदरपुर ब्रिज–एनक्लेव कॉलोनी रोड, रविदास गेट से ट्रॉमा सेंटर रोड तथा गोलघर से एल.टी. कॉलेज रोड पर प्रगति का अवलोकन किया। नगर आयुक्त ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि सभी कार्य मानक एवं गुणवत्ता के अनुरूप निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराए जाएँ। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कार्यों में घटिया सामग्री का प्रयोग तथा गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी कतई स्वीकार्य नहीं होगी।

## जिलाधिकारी ने आरओबी का किया औचक निरीक्षण



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने कज्जाकपुरा रेलवे उपरगामी सेतु का औचक निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की भौतिक प्रगति की जानकारी ली और संबंधित कार्यदायी संस्था व अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन सेतु के निर्माण कार्यों को परखा। राज्य सेतु निगम के परियोजना प्रबंधक ने नक्शे के माध्यम से परियोजना के निर्माण कार्यों की जानकारी दी और बताया कि 99.50 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। जिलाधिकारी ने कहा कि लोगों के सुचारू आवागमन के लिए अंडर पास के कंक्रीट के कार्यों, सहित सफाई के अन्य कार्यों व स्टील गर्डर संबंधी कार्यों को एक सप्ताह में पूरा करा लिया जाए।

## कालाबाजारी रोकने के लिए डीएम ने चलाया जनपदव्यापी छापेमारी अभियान

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** कृषकों को उचित मूल्य पर बीज उपलब्ध कराने, कालाबाजारी रोकने तथा बीज की गुणवत्ता बनाये रखने के निमित्त शासन के निर्देश के क्रम में जनपद-व्यापी छापा अभियान के तहत् बीज निरीक्षक एवं अन्य विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाकर जनपद के संस्थागत एवं निजी बीज बिक्रेताओं के बिक्री केन्द्रों/गोदामों पर शनिवार को छापेमारी की गयी। टीम का गठन जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार के निर्देश पर प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह द्वारा किया गया।

## पद्मश्री सम्मानित शास्त्रीय गायक व सबसे बुजुर्ग महिला से मिले डीएम



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में आगामी निर्वाचन तैयारियों के दृष्टिगत निर्वाचक नियमावली को शुद्ध, त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाने हेतु जनपद में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अन्तर्गत आज जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने पद्मश्री सम्मान से सम्मानित हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायक डॉ राजेश्वर आचार्य से भदैनी स्थित उनके आवास पर जाकर मुलाकात किया। इसके बाद उन्होंने जनपद के औरंगाबाद की 103 वर्षीया बुजुर्ग महिला मतदाता राधिका त्रिपाठी के घर पहुंचकर उनसे बातचीत कर गणना प्रपत्र दिया और भरने के तरीके बताए।

## राजनीतिक भागीदारी के लिए समन्वय बैठक में संयुक्त मोर्चा के गठन का ऐलान



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** भगवान निषाद राज जन सेवा समिति एवं ऑल इंडिया यूनाइटेड आर्टिजंस पॉलिटिकल फोरम के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को वाराणसी के बाबतपुर में स्थित होटल आराध्या पैलेस में अति पिछड़ा अनुसूचित एवं अल्पसंख्यक समाज के नेताओं और प्रतिनिधियों का सामाजिक न्याय एवं राजनीतिक भागीदारी समन्वय बैठक का आयोजन संपन्न हुआ, जिसमें कई राज्यों से पिछड़ा अनुसूचित और अल्पसंख्यक समाज के नेताओं और प्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। बैठक के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम के संयोजक भगवान निषाद राज जन सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र निषाद ने कहा इस बैठक के माध्यम से देश भर के शोषित उपेक्षित अपमानित और भागीदारी से वंचित विश्वकर्मा, निषाद, पाल, बिंद, बियार, अनुसूचित, आदिवासी, पसमांदा मुसलमान सहित विभिन्न समाज के समान विचारधारा वाले लोगों को संगठित करके देश में एक बड़ा राजनीतिक मोर्चा बनाया जाएगा। ऑल इंडिया यूनाइटेड आर्टिजंस पॉलिटिकल फोरम के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि समानता और राजनीतिक भागीदारी तथा अपने हक और अधिकार के लिए सामाजिक विभाजन को रोकना होगा और शोषित वंचित समाज को एक मंच पर साथ लाना होगा।

## कज्जाकपुरा ओवरब्रिज पर एक दिसंबर से शुरू होगा यातायात

**वाराणसी।** कज्जाकपुरा आरओबी की 99.50 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। स्टील गर्डर से संबंधित कुछ काम चल रहा है। उसे एक सप्ताह के अंदर ही पूरा कर लिया जाएगा। एक दिसंबर से इस ब्रिज पर आवागमन शुरू हो जाएगा।






## क्वीयर खेल के प्रतिभागियों का अन्तर्राष्ट्रीय धाविका ने बढ़ाया उत्साह



● बनारस में क्वीयर खेल प्रतियोगिता का अनूठा आयोजन

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** बनारस क्वीयर प्राइड के तत्वावधान में कांशीराम आवास, वाराणसी में क्वीयर खेल प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य खेल गतिविधियों के माध्यम से एक समावेशी वातावरण तैयार करते हुए समाज में बंधुत्व की भावना को बढ़ावा देना और प्रतिभागियों को एक साझा मंच प्रदान करना रहा। अंतर्राष्ट्रीय फेम की खिलाड़ी नीलू मिश्रा ने बताया 'समाज अभी तक पूरी तरह जागरूक नहीं हुएं हैं। हम शिक्षित होने का दावा करते हैं, लेकिन अभी भी क्वीयर समुदाय हमारे कंधे से कंधा मिलाकर नहीं आगे आ पाए हैं। आज मुझे बहुत खुशी हो रही है इतने उत्साह के साथ आप लोगों को खेलते हुए देखकर। और एक अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी के रूप में यहीं कहेंगे कि अगर आप फिट है तो हिट हैं।' विजेताओं को मेडल पहनाकर नीलू मिश्रा द्वारा सम्मानित भी किया गया। खिलाड़ियों को उत्साहित करते हुए कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की प्रधानाचार्या विशाखा सिंह ने कहा - 'आज के इस व्यस्त दौर में हमारे बीच से बहुत सारे खेल विलुप्त हो चुके हैं, ऐसे माहौल में खेल एक ऐसा माध्यम है जिसके जरिए हम सम्मान, समानता और भाईचारे की भावना को बढ़ावा दे सकते हैं। जब हम खेलते हैं तो हम यह नहीं देखते कि खेलने वाला कौनसे धर्म का, कौनसे जाति का है, वह अमीर है या गरीब है, उनका जेंडर और सेक्सुअलिटी क्या है ? खेल हमे जोड़ता है। कार्यक्रम की शुरुआत बनारस क्वीयर प्राइड की संस्थापक आरोही ने उद्घाटन वक्तव्य दिया। लोक गायिका ज्योति, उम्मीद फाउंडेशन के सामाजिक कार्यकर्ता महेंद्र, एशियन ब्रिज इंडिया से साहिल, ने प्रतियोगिता का औपचारिक शुभारंभ किया। संचालन अनन्या मिथि और राधा द्वारा किया गया। दिनभर में कुल दस खेल प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं, जिनमें क्वीयर समुदाय, कांशीराम आवास के दलित युवा-युवतियां, और बनारस के विभिन्न हिस्सों से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

जनमुख परामर्श मंडल : एस. कुमार राष्ट्रीय अध्यक्ष सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया, संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज, श्रीनारायण खेमका, अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन, वी.के.जैन, अध्यक्ष-जैन मिलन, वाराणसी, डा. एस.के.पाठक वरिष्ठ चिकित्सक, डा. नीलम ओहरी स्त्री रोग विशेषज्ञ, प्रधान सम्पादक ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा', समाचार सम्पादक सरोज सिन्हा, स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित। रजि.33134/78. फोन : 0542-2500324 9336929544, Email : janmukh.vns@gmail.com

## सोनभद्र समाचार

### खनन हादसे में मजदूरों की मौत के लिए जिलाधिकारी सीधे तौर पर जिम्मेदार



**सोनभद्र।** बिरासा मुंडा की 150वीं जयंती और भाजपा का जनजातिक गौरव दिवस पर मुख्यमंत्री के उपस्थिति से महज चंद दूरी पर 15 मजदूर की पत्थर खदान धसने से मौत हो गई इसी खदान के संबंध में याचिका पर जिलाधिकारी बद्रीनाथ सिंह ने व्यक्तिगत शपथ पत्र देकर बताया है कि पत्थर खदान का संचालन मानक के अनुरूप है। मजदूरों के मौत के लिए जिलाधिकारी सीधे तौर पर जिम्मेदार हैं इनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज होना चाहिए उक्त बातें याचिका कर्ता के अधिवक्ता अभिषेक चौबे एवं विकास शाक्य ने कही। अधिवक्ता श्री अभिषेक चौबे ने कहा कि मे0 कृष्णा माईनिंग वर्क्स की खदान 500 फीट से अधिक गहरी और खतरनाक तरीके से खड़ी है हाइट बेंच नहीं है फेरेटिक जोन के नीचे पानी निकाल कर खनन किया जा रहा है जो ई.सी. शर्तों के खिलाफ है इन्हीं विषयों पर ऋतिशा गोंड की ओर से 268 पेज की याचिका मे0 कृष्णा माईनिंग वर्क्स के अलावा राधे-राधे इंटरप्राइजेज मे0 साई बाबा स्टोन मे0 कामाख्या स्टोन के विरुद्ध NGT में दाखिल की गई है जिस पर जिलाधिकारी बद्रीनाथ सिंह ने व्यक्तिगत शपथ पत्र देकर अदालत को बताया कि मैं और संयुक्त टीम द्वारा मौके की जांच करने पर मे0 कृष्णा माईनिंग वर्क्स व अन्य खदान का संचालन मानक के अनुरूप पाया गया है।

## बलिया समाचार

### पोखरे में नहाते समय डूबने से युवक की मौत

**बेल्थरारोड।** नगर के मध्य स्थित बीचला पोखरा में नहाते समय डूब जाने से किशन शर्मा (28) की मौत हो गई।

नगर पंचायत वार्ड नंबर 5 निवासी किशन शर्मा अपने मित्र के साथ बीचला पोखरा में नहाने के लिए गया था।

नहाते समय वह गहरे पानी में चला गया। युवक को पानी में डूबता देख लोगों ने शोर मचाया। मौके पर जुटे लोगों ने युवक को पानी से बाहर निकाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीयर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

युवक की मौत से परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल है। युवक सिलाई मशीन की मरम्मत करता था। वह दो भाई व दो बहनों में सबसे छोटा और अविवाहित था।

## जौनपुर समाचार

### अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, मौत



**जौनपुर।** अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, मौतःग्रामीणों ने जौनपुर के केराकत में एक सड़क दुर्घटना में शिव कुमार (पुत्र स्व. छोटे राम) की मौके पर ही मौत हो गई।

यह घटना रविवार की शाम करीब 5:30 बजे हुई, जब वे अपनी बाइक से मारिकपुर से निमंत्रण से लौट रहे थे। जानकारी के अनुसार, शिव कुमार जब अखाड़ा के सामने से गुजर रहे थे, तभी एक अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि शिव कुमार ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना के तुरंत बाद, आसपास के ग्रामीणों ने एम्बुलेंस और पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 पर सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शिव कुमार को केराकत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (ण.प.ण) भेजा, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल जौनपुर भेज दिया है। ग्रामीणों ने पुलिस को टक्कर मारने वाले वाहन का नंबर UP62BC1771 बताया है। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## आजमगढ़ समाचार

### बरात-पिकनिक के लिए अब रोडवेज बसों की बुकिंग आसान

**आजमगढ़।** शादी-विवाह समारोह और घूमने जाने के लिए कोई भी व्यक्ति निजी बस की तरह रोडवेज बस की भी बुकिंग करा सकेगा। इसके लिए यात्रा से एक सप्ताह पहले डिपो में आवेदन करना होगा। लोगों को कम किराये में बस की सुविधा मिल सके इसके लिए परिवहन निगम ने 400 किलोमीटर तक के लिए और 24 घंटे के लिए 27,808 रुपये किराया निर्धारित किया है। परिवहन निगम के आजमगढ़ व डा. अंबेडकर डिपो से कोई भी व्यक्ति निजी बस की तरह रोडवेज बस की बुकिंग करा सकेगा। आजमगढ़ डिपो में 118 व डा. अंबेडकर डिपो की 106 बसों का संचालन होता है। डिपो ने अपनी आय बढ़ाने और लोगों की सुविधा के लिए बसों को बुक करने की सुविधा दी है।

## गाजीपुर समाचार

### सगाई से पहले युवक की सड़क हादसे में मौत



**जमानिया।** कोतवाली क्षेत्र के धुस्का गांव के रहने वाले आशुतोष सिंह (29) की बंगलौर में रविवार सुबह सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में रोना-धोना शुरु हो गया। घर में सगाई की खुशी मातम में बदल गई। पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और लोगों ने उनके घर पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया। मृतक के चाचा संजय सिंह ने बताया कि आशुतोष बंगलूरू में सीमेंस कंपनी में जेई के पद पर कार्यरत थे। रविवार सुबह करीब छह बजे वह अपने मध्य प्रदेश निवासी साथी के साथ बाइक से कहीं जा रहे थे। रास्ते में उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पोल से टकरा गई। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया, वहां चिकित्सकों ने आशुतोष को मृत घोषित कर दिया। चाचा ने बताया कि आशुतोष घर का इकलौता पुत्र था। दो बहनों में सबसे बड़ा था। उसकी सगाई 23 नवंबर को तय थी। इसके लिए 19 नवंबर को उसके घर आने की तैयारी थी। परिवार में सगाई को लेकर खुशी का माहौल था, लेकिन दुर्घटना की सूचना मिलते ही सभी तैयारियां मातम में बदल गईं।

## चंदौली समाचार

### कमरे में वृद्धा शव फंदे से लटकता मिला

**चकिया।** कोतवाली क्षेत्र तिलौरी गांव निवासी नगीना बेगम (70) का शव शनिवार को पंखे के हुक लटकता मिला मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

तिलौरी गांव निवासी स्वर्गीय शाह मोहम्मद की पत्नी नगीना बेगम पति की मौत के बाद पिछले 10 वर्षों से अपने बेटे व बहू से अलग रह रही थी। प्रतिदिन की तरह शुक्रवार की रात नगीना कमरे में सोने चली गई। शनिवार की सुबह देर होने पर कमरे से नहीं निकली तो उनके पुत्र अली हसन ने कमरे में देखा तो पंखे के हुक में साड़ी के फंदे के सहारे लटकी हुई मिली। जिसको देखकर वह और उसके परिजन भौचक रह गये। कोतवाल अर्जुन सिंह ने बताया कि महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

## प्रयागराज समाचार

### वीरान बगीचे में दफन मिली युवती की लाश की हुई शिनाख्त

**प्रयागराज।** थरवई थाना क्षेत्र के लखरावां गांव में सूनसान बगीचे में शनिवार को जमीन में दफन मिली युवती की लाश की शिनाख्त कर ली गई है। लड़की कटरा स्थित एक सरकारी स्कूल में की 11वीं की छात्रा थी। वह मूल रूप से सोरांव थाना क्षेत्र के बनकट की रहने वाली थी। वह शहर के कैंट इलाके में अपने फूफा श्यामलाल यादव के घर पर रहकर पढ़ाई करती थी।

घटना से पांच दिन पहले वह स्कूल के लिए निकली थी, लेकिन लौटकर घर नहीं आई। उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट भी थाने में दर्ज कराई गई थी। शनिवार को उसकी लाश लखरावां के सूनसान बगीचे में मिली थी। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। सोरांव थाना क्षेत्र के बनकट गांव निवासी ज्ञानेंद्र कुमार यादव की पुत्री साक्षी (17) अपने फूफा श्यामलाल यादव निवासी कैंट प्रयागराज के



घर पर रहकर पढ़ाई करती थी। वह कटरा में एक सरकारी स्कूल में 11वीं की छात्रा थी। रोज की तरह वह 10 नवंबर को भी बैग लेकर स्कूल के निकली थी, लेकिन लौटकर घर नहीं आई। श्यामलाल ने काफी खोजबीन की लेकिन पता न चलने पर उसके घर सोरांव भी पता लगवाया, लेकिन साक्षी का कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद उन्होंने कैंट थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करा दी। साक्षी का शव शनिवार को थरवई थाना क्षेत्र के लखरावां गांव के बाहर सूनसान जंगल में उसका शव पाया गया। शव को जमीन के अंदर दबा दिया गया था। सुबह उधर से गुजर रहे कुछ बच्चों ने जमीन के अंदर से एक हाथ निकला देखा तो डर गए। इसकी जानकारी होने पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को खोदवाकर बाहर निकलवाया। लड़की के शरीर पर लैगिंग और टीशर्ट था। उसके पैर दुपट्टे से बंधे थे।

घटनास्थल से कुछ दूर पर स्पोर्ट्स जूता और मोजा भी पड़ा मिला। पुलिस ने खोजी कुत्ते की मदद से छानबीन शुरू की तो घटना स्थल से करीब 500 मीटर की दूरी पर युवती का स्कूल बैग भी पड़ा मिला था। जिसमें कॉपी-किताब और पेन के अलावा छात्रा का आधार कार्ड, शीशा और सिंदूर की डिबिया मिली।

## देवरिया समाचार

### मंदिर के घंटे में फंदे से लटका मिला शव अधेड़ का शव

**बरियारपुर।** थाना क्षेत्र के जटमलपुर गांव में रविवार की सुबह काली मंदिर के बरामदे में लगे घंटे से गांव के ही 48 वर्षीय श्रीराम कुशवाहा का लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार, जटमलपुर गांव में स्थित काली मंदिर में रविवार की सुबह लोग पूजा-अर्चना करने पहुंचे। इस दौरान फंदे से लटकता शव देखा। लोगों ने शोर मचाया तो लोगों की भीड़ जुट गई। परिजनों ने बताया कि श्रीराम कुशवाहा सुबह भोजन करने के बाद काली मंदिर गए थे। मंदिर में ही उन्होंने घंटे के सहारे फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। घटना की खबर मिलते ही परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। मृतक की पत्नी संगीता देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। श्रीराम अपने पीछे पांच बेटियों और तीन बेटों वाला परिवार छोड़ गए हैं। एसओ दीपक सिंह ने बताया की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## भदोही समाचार

### बाइक सवार दो लोगों को तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर, एक की मौत, दूसरे की हालत गंभीर



**भदोही।** गोपीगंज कोतवाली के बेरासपुर में बाइक सवार मामा-भांजे को कार ने टक्कर मार दी। जिसमें भांजे गुड्डू (30) निवासी बरछाए, मिर्जामुराद की मौत हो गई। वहीं मामा झूरी बनवासी (35) निवासी गुलौरी गंभीर रूप से घायल हो गए।

बताया जा रहा है कि गोपीगंज कोतवाली के गुलौरी निवासी झूरी बनवासी का भांजा गुड्डू अपने मामा के घर आया हुआ था। रविवार की सुबह मामा-भांजे किसी काम के सिलसिले में बाइक से बेरासपुर की तरफ निकले हुए थे।

बेरासपुर गांव के पास पहुंचे ही थे कि इस बीच कि एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन उनकी बाइक में टक्कर मार दी।टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

आनन-फानन में दोनों को गोपीगंज सीएचसी पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने भांजा गुड्डू को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल झूरी का इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी होने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार की रफ्तार काफी तेज थी। इस बाबत प्रभारी निरीक्षक शैलेश राय ने बताया कि वाहन की तलाश की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## मऊ समाचार

### तीन सदस्यीय टीम ने ईंट-भट्ठा पर मारा छापा

**मऊ।** तहसील क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में संचालित ईंट-भट्ठा संचालकों की तरफ से रॉयल्टी जमा न किए जाने की शिकायतों के बाद प्रशासन की तरफ से जांच पड़ताल तेज हो गई है। शनिवार की शाम एसडीएम राजेश अग्रवाल, सीओ अभय कुमार सिंह और खनन अधिकारी की संयुक्त टीम ने कई ईंट-भट्ठों पर छापेमारी कर जांच पड़ताल किया। जांच के दौरान शिवम ईंट-भट्ठा पर रॉयल्टी जमा न करने की पुष्टि होने पर उसके संचालन पर तत्काल रोक लगा दी गई।

एसडीएम ने चेतावनी दिया कि क्षेत्र के सभी ईंट-भट्ठा संचालक मंगलवार तक रॉयल्टी संबंधित विभाग में जमा कर दें। अन्यथा अभियान चलाकर भट्ठों को सील करने की कार्रवाई की जाएगी। प्रशासनिक कार्रवाई की खबर मिलते ही भट्ठा संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है। एसडीएम राजेश अग्रवाल ने बताया कि रॉयल्टी जमा करने को लेकर पहले ही सभी संचालकों को पत्र जारी किया जा चुका था।

## मीरजापुर समाचार

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत मा0 जनप्रतिनिधि ने नव दंपतियों को अपना आशीर्वाद प्रदान कर उनके सुखद एवं मंगल जीवन की कामना



**मीरजापुर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का वृहद कार्यक्रम (मेगा इवेन्ट के रूप में) पंचशील डिग्री कॉलेज मवईकला, हलिया, मीरजापुर में आयोजित कराया गया, जिसमें जनपद के विकास खण्ड–हलिया, लाजगंज एवं छानबे, मीरजापुर के अनुसूचित जाति के 123, अन्य पिछड़ावर्ग के 52, अल्पसंख्यक वर्ग 03, सामान्य वर्ग 01 अर्थात कुल 179 जोड़ों का सामूहिक विवाह सकुषल सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम के शुभ अवसर पर मा0 विधायक छानबे श्रीमती रिंकी कोल, अध्यक्ष जिला पंचायत राजू कनौजिया, मा0 ब्लाक प्रमुख हलिया, लालगंज, छानबे, एवं परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0 धर्मजीत सिंह, डी0सी0 एन0आर0एल0एम0, खण्ड विकास अधिकारी–हलिया, लालगंज, छानबे एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी राम विलास यादव उपस्थित रहकर नव दम्पतियों को अपना आषीर्वाद प्रदान कर उनके सुखद एवं मंगलमय जीवन की कामना की। मा0 विधायक छानबे एवं अध्यक्ष जिलापंचायत, मीरजापुर ने सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले सभी नव–वैवाहिक जोड़ों को उनके सुखद एवं सुखमय जीवन की कामना की, साथ ही प्रत्येक वर–वूध को उपहार हेतु दी जाने वाली सामग्रियों को एवं प्रमाण–पत्र वितरित किया। उन्होनें अपने सम्बोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार आर्थिक रूप से गरीब परिवारों के उत्थान एवं विकास हेतु प्रतिबद्ध है एवं सरकार द्वारा आर्थिक रूप से गरीब परिवारों, बेसहरा व्यक्तियों के बहुत सी कल्याणकारी योजनायें चलायी जा रही है, जिसमें मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना मील का पत्थर साबित हो रही है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत ऐसे माता–पिता जो आर्थिक रूप से अपनी पुत्री की शादी करने में सक्षम नहीं है, वह सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ प्राप्त कर अपनी पुत्रियों की शादी करा पा रहे है।

## सुल्तानपुर समाचार

### सड़क हादसे में युवक की मौत



**कादीपुर।** लखनऊ-बलिया राजमार्ग पर स्थानीय कस्बे में रविवार तड़के करीब साढ़े चार बजे गोपालपुर नमाजगढ़ निवासी कुलदीप शर्मा (30) की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। दुर्घटना की जानकारी मिलने पर कादीपुर सीएचसी पहुंचे परिजनों ने शव की शिनाख्त की। गोपालपुर नमाजगढ़ निवासी रामसूरत शर्मा ने बताया कि उनका पुत्र कुलदीप दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करता था। शनिवार को वह दिल्ली से घर आया था। देर शाम कुलदीप घर से बिना किसी को कुछ बताए निकला था। घर नहीं लौटने पर परिजन परेशान थे। तभी पता चला कि कादीपुर कस्बे में हुई दुर्घटना में एक युवक घायल है। जानकारी मिलने के बाद घर वाले कादीपुर सीएचसी पहुंचे। वहां उन्होंने शव की शिनाख्त किया। कादीपुर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर ने बताया कि सुबह कस्बे के लोगों से पता चला कि बलिया मार्ग पर एक व्यक्ति घायल अवस्था में पड़ा है। उसे सीएचसी कादीपुर पहुंचाया गया, जहां पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। प्रथम दृष्टया किसी वाहन की चपेट में आने से उसकी मौत होने की बात सामने आई है। पीएम रिपोर्ट से स्थिति स्पष्ट होगी। मृतक कुलदीप दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करते थे। घर पर उनकी पत्नी ममता पुत्री जान्हवी (06) व पुत्र रुद्र (02) रहते हैं। घटना से दो बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया।

## गोरखपुर समाचार

### होटल में आगलगी की घटना से पुरूषोत्तम का दम घुटने से मौत

**गोरखपुर।** 'पापा बोलते थे, बेटी एक दिन तुम पुलिस अफसर बनकर चोरों को पकड़ना। उस दिन मेरा सीना गर्व से चौड़ा हो जाएगा। मैंने भी ठान लिया कि पापा के सपनों को जरूर पूरा करूंगी। मैं अभी 6 क्लास में पढ़ रही हूं। मेरे पापा मुझे छोड़कर चले गए...' यह कहते होटल में काम करने वाले पुरूषोत्तम की 13 साल की बिटिया अनन्या रोने लगी। उसका भाई मां से लिपटकर चीखने लगा। होटल में आगलगी की घटना से पुरूषोत्तम का दम घुट गया और उनकी मौत हो गई। अब परिवार के 2 छोटे बच्चे और मां को उनके बगैर जिंदगी बितानी होगी। गोरखपुर में चार मंजिला होटल में रविवार सुबह भीषण आग लग गई। जान बचाने के लिए 55 साल के पुरुषोत्तम अग्रहरी बाथरूम में छिप गए। वहां उनकी दम घुटने से मौत हो गई। जिसके बाद से ही परिवार में चीख-पुकार मची हुई है। परिवार में पुरुषोत्तम अग्रहरी की पत्नी पूनम, 16 साल के बेटे



अनूप और 13 साल की अनन्या का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना पर दोपहर करीब 12 बजे परिवार के लोग एक कार से पहुंचे। साथ में सहजनवां इलाके के बरईपार में रहने वाले पुरुषोत्तम के भतीजे भी पहुंचे। मृतक का पूरा परिवार ससुराल बलरामपुर जिले के तुलसीपुर में रहता है। मौत की सूचना पर एक कार से दोनों बच्चों के साथ मां गोरखपुर पहुंची। उन्होंने पूरी घटना की जांच कराने की मांग की है। बताया कि पति बरईपार स्थित घर पर बहुत कम ही जाते थे। चार साल से वह गोरखपुर में काम कर रहे थे। रामगढ़ ताल क्षेत्र के तारामंडल में स्थित चार मंजिला वाटर वेज रेस्टोरेंट में सुबह करीब 4 बजे शार्ट सर्किट से आग लग गई। भोर का समय होने की वजह से उस तरफ किसी का ध्यान नहीं गया। होटल के कमरे में दो लोग ठहरे थे। वहीं एक स्टाफ पुरुषोत्तम फर्स्ट फ्लोर पर सोया था। भोर में धुआं उठते ही होटल में रुके दो लोगों की नींद खुल गई। वह होटल के बाहर डयूटी कर रहे गार्ड की मदद से नीचे आ गए। वहीं फर्स्ट फ्लोर पर पुरुषोत्तम फंसे रह गए। बताया जा रहा है कि आग फर्स्ट फ्लोर पर ही शार्ट सर्किट से लगी है। इसके बाद तेजी से पूरे होटल में फैल गई। इसके बाद पूरी बिल्डिंग को अपने जद में ले लिया।

## लाइफ मंत्र

### कब रखा जाएगा मोक्षदा एकादशी का व्रत, जानें शुभ मुहूर्त और महत्व

मोक्षदा एकादशी एक विशेष व्रत है जिसे हिंदू धर्म में अत्यंत पुण्यकारी माना जाता है। यह व्रत मोक्ष और आध्यात्मिक शांति प्राप्त करने का अद्भुत अवसर प्रदान करता है।

माना जाता है कि इस दिन पूरे विधि-विधान के साथ भगवान विष्णु की पूजा करने से और व्रत रखने से जीवन में आने वाली परेशानियों से छुटकारा मिलता है और मन की हर मनोकामना पूरी होती है। इस साल मोक्षदा एकादशी 1 नवंबर को



रखा जाएगा। तो आइए जानते हैं कि मोक्षदा एकादशी के शुभ मुहूर्त और पूजा विधि के बारे में-

**मोक्षदा एकादशी 2025 शुभ मुहूर्त**

पंचांग के अनुसार, मार्गशीर्ष मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि 30 नवंबर 2025 को रात 9 बजकर 29 मिनट पर शुरू होगी और 1 दिसंबर 2025 को सुबह 7 बजकर 1 मिनट पर समाप्त होगी। ऐसे में उदयातिथि के अनुसार, मोक्षदा एकादशी का व्रत 1 दिसंबर 2025 को रखा जाएगा।

**मोक्षदा एकादशी का खास महत्व**

मोक्षदा एकादशी सिर्फ एक व्रत नहीं है, बल्कि यह दो महत्वपूर्ण धार्मिक घटनाओं के साथ जुड़ा हुआ है। यह एकादशी सीधे तौर पर मोक्ष यानी जन्म और मृत्यु के चक्र से मुक्ति से संबंधित है। शास्त्रों के अनुसार, इस व्रत को विधि-विधान से करने पर व्यक्ति को वाजपेय यज्ञ जितना पुण्य मिलता है।

यह एकादशी का दिन गीता जयंती के रूप में भी मनाया जाता है। पौराणिक मान्यता है कि इसी दिन भगवान श्री कृष्ण ने कुरुक्षेत्र के मैदान में अर्जुन को श्रीमद् भगवद् गीता का ज्ञान दिया था। इसलिए इस दिन भगवान विष्णु (श्री कृष्ण) और श्रीमद् भगवद् गीता की पूजा करना विशेष फलदायी होता है।

## एक ही मास्क में दमकती त्वचा और मजबूत बाल, जानें ये जादुई घरेलू नुस्खा



यह जादुई घरेलू नुस्खा एक ही मास्क में दमकती त्वचा और मजबूत बाल देने का वादा करता है। हिबिस्कस पाउडर, नीम पाउडर और दही से बना यह DIY मास्क आपकी स्किन को डिटॉक्सिफाई कर चमकदार बनाता है, वहीं बालों को मजबूत व शाइनी बनाकर डैंड्रफ और हेयरफॉल जैसी समस्याओं को दूर करता है। स्किन और हेयर्स की देखभाल के लिए हम सभी क्या-क्या नहीं करते हैं। कई तो महंगे-महंगे प्रोडक्ट्स इस्तेमाल करते हैं, लेकिन फिर भी मनपसंदीदा परिणाम नहीं मिलता है। जिसके चलते कई लोग होम रेमेडीज भी ट्राई करते हैं। एक ऐसा ही घरेलू ब्यूटी रेमेडीज है, जो बालों और त्वचा दोनों की समस्याओं को एक साथ दूर करता है। हिबिस्कस पाउडर, नीम पाउडर और दही से बना यह DIY मास्क काफी ट्रेंडी है। यह स्किन को डिटॉक्सिफाई करता है, ग्लो बढ़ाता है और बालों को मजबूत व शाइनी बनाता है। हिबिस्कस में नेचुरल अमीनो एसिड्स होता है, जो बालों को पोषण देता है, नीम में एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैंस जो स्कैल्प और स्किन की गंदगी को हटा देते है। इसके साथ ही दही दोनों को डीप कंडीशन करता है। बता दें कि, यह मास्क एक्ने, डैंड्रफ, फ्रीजी हेयर, डल स्किन या हेयरफॉल जैसी समस्याओं को लिए बेस्ट है।

**जरुरी सामग्री**

- हिबिस्कस पाउडर
- नीम पाउडर
- दही
- थोड़ा सा गुलाबजल
- थोड़ा सा एलोवेरा (वैकल्पिक हेयर के लिए)

**कैसे बनाएं यह मल्टी यूज मास्क**

- सबसे पहले आप बाउल में हिबिस्कस पाउडर और नीम मिलाएं।
- अब आप इसमें दही और डालें, इसे अच्छे से मिला लें। जिससे एक स्मूथ और गाढ़ा पेस्ट बन जाएं।
- स्किन के लिए- इसे पतला करने के लिए गुलाबजल मिला सकते हैं।
- हेयर के लिए - दो चम्मच एलोवेरा जेल मिलाएं जिससे कंडीशनिंग बढ़ सके।

**स्किन पर लगाने का तरीका**

सबसे पहले चेहरे धो लें। इसके बाद इसमें 10-12 मिनट तक लगा रहने दें। इसके बाद हल्के गुनगुने पानी से चेहरा को धो सकते हैं। यह आपकी त्वचा को साफ, शांत और चमकदार बनाता है।

**बालों पर कैसे लगाएं**

इसको स्कैल्प और पूरे बालों पर जड़ों से लेकर लंबाई तक लगाएं, हेयर मास्क को 20-25 मिनट पर लगाएं। फिर माइल्ड शैंपू से धो लें। इससे हेयर फॉल कम होता है और डैंड्रफ कंट्रोल होता है और बाल सॉफ्ट भी होते हैं।

**मिलते हैं गजब के फायदे**

- स्किन क लिए- नीम एक्ने और बैक्टीरिया को दूर करता है, हिबिस्कस स्किन को टाइट और चमकदार बनाता है। दही का यूज चेहरे को ब्राइटनिंग और सूदिंग देता है।
- बालों के लिए- हिबिस्कस बालों को मजबूत, घना और शाइनी बनाती है। नीम डैंड्रफ और स्कैल्प इंफेक्शन को रोकता है और दही बालों की डीप कंडीशन करता है।



## बालों के लिए वरदान है तुलसी का पानी, डैंड्रफ-हेयरफॉल से ऐसे पाएं मुक्ति

**अगर आप भी बालों की खूबसूरती को बढ़ाना चाहती हैं और बालों को लंबा, घना और सिल्की बनाना चाहती हैं, तो आप घर पर घरेलू नुस्खा आजमा सकती हैं। दरअसल, आप बालों को खूबसूरत बनाने के लिए और हेयर फॉल रोकने के लिए तुलसी के पानी का इस्तेमाल कर सकती हैं।**

महिलाएं अपने चेहरे की खूबसूरती के साथ-साथ बालों का भी बहुत ध्यान रखती हैं। लेकिन बदलते मौसम के कारण ज्यादातर महिलाओं के बाल बेजान और रूखे होने लगते हैं। ऐसे में महिलाएं मार्केट में मिलने वाले महंगे प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं। लेकिन यह भी उनके बालों की खूबसूरती को कम करने लगते हैं।

ऐसे में अगर आप भी बालों की खूबसूरती को बढ़ाना चाहती हैं और बालों को लंबा, घना और सिल्की बनाना चाहती हैं, तो आप घर पर घरेलू नुस्खा आजमा सकती हैं। दरअसल, आप बालों को खूबसूरत बनाने के लिए और हेयर फॉल रोकने के लिए तुलसी के पानी का इस्तेमाल कर सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि बालों की खूबसूरती बढ़ाने के लिए आप तुलसी के पानी का कैसे इस्तेमाल कर सकती हैं।

**बालों के लिए फायदेमंद है तुलसी का पानी**

ब्यूटी एक्सपर्ट की मानें, तो ज्यादातर महिलाएं अपने बालों को खूबसूरत बनाने के लिए मार्केट में मिलने वाले कई महंगे प्रोडक्ट का इस्तेमाल करती हैं। लेकिन अब आप तुलसी के पानी से अपने बालों को खूबसूरत बना सकती हैं। तुलसी में एंटी-बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं, जो बालों को झड़ने और डैंड्रफ को कम करने में भी सहायता करते हैं।

**तुलसी के पानी का इस्तेमाल**

तुलसी के पानी का इस्तेमाल करने के लिए सबसे पहले तुलसी के 15-20 पत्तियों को पानी में गर्म कर लें। फिर इसको थोड़ी देर ठंडा होने के लिए रख दें और साधारण पानी और तुलसी के पानी दोनों को मिक्स करके इसमें थोड़ा सा शैंपू मिलाकर बालों को धोएं। ध्यान रखें कि अगर आप माइल्ड शैंपू का इस्तेमाल करती हैं, तो इससे आपको अधिक फायदा मिल सकता है।

**तुलसी और नीम के पत्तों का पानी**

वहीं आप तुलसी के पानी के साथ नीम के पत्तों का पानी मिलाकर अपने बालों पर लगाएं। इसको कम से कम 20 से 25 मिनट तक लगाकर रखें। इसके बाद शैंपू से बालों को धो लें। ऐसा करने से आपको फायदा देखने को मिलेगा। आप चाहें तो बालों के लिए हेयर मास्क बनाते समय तुलसी के पानी को भी शामिल कर सकती हैं।

**हेयर मास्क में मिलाएं तुलसी का पानी**

अगर आप अंडे या फिर दही से हेयर मास्क बना रही हैं, तो इसमे तुलसी का पानी मिला दें। फिर इसको अपने बालों पर अप्लाई करें। ऐसा करने से बालों से जुड़ी समस्याएं कम हो सकती हैं और अगर आपको डैंड्रफ की परेशानी रहती है, तो इस तरीके से आप उससे भी निजात पा सकती हैं। तुलसी के पानी के इस उपाय को सप्ताह में दो बार आजमा सकती हैं।

**इन बातों का रखें खास ध्यान**

अगर आप पहली बार तुलसी के पानी को बालों के लिए इस्तेमाल कर रही हैं, तो पहले पैच टेस्ट जरूर करें। इसके बाद ही इसका इस्तेमाल करना चाहिए। पैच टेस्ट के दौरान अगर आपको किसी तरह की परेशानी होती है, तो एक्सपर्ट की राय जरूर लें।

## चेहरे पर चाहिए Instant ग्लो? हल्दी और मलाई का ये जादुई पेस्ट देगा दमकती त्वचा



पार्लर के महंगे फेशियल और केमिकल युक्त उत्पादों से थक चुकी महिलाएं अब अपनी बेजान त्वचा को हल्दी और मलाई के प्राकृतिक पेस्ट से नया निखार दे सकती हैं। यह घरेलू नुस्खा त्वचा को गहराई से पोषित कर उसे मुलायम और चमकदार बनाने में सहायक है। नियमित उपयोग से बिना किसी बड़े खर्च के स्किन पर प्राकृतिक ग्लो वापस पाया जा सकता है।

महिलाएं अपने चेहरे के निखार के लिए न जाने क्या-क्या नहीं करती हैं। कुछ महिलाएं पार्लर जाकर महंगे-महंगे फेशियल और क्लिन-अप करवाती है, तो कुछ महंगे प्रोडक्ट खरीदकर का इस्तेमाल करती है। लेकिन एक समय के बाद उनकी त्वचा बेजान हो जाती है। अगर आप भी अपने चेहरे का ग्लोइंग बनाना चाहती हैं बिना किसी खर्च के, तो यह लेख आपके लिए है। अब आप हल्दी और मलाई के पेस्ट से सॉफ्ट और ग्लोइंग स्किन पा सकती हैं। यह पेस्ट को नेचुरल तरीके से चमकदार बनाता है। आइए आपको बताते हैं कैसे बनाएं हल्दी और मलाई का पेस्ट।

**हल्दी और मलाई का पेस्ट**

स्किन के निखारने के लिए आप ने कई तामझाम अपनाएं होंगे, लेकिन आपको मनचाह रिजल्ट नहीं मिला होगा। अब आप अपनी त्वचा की खूबसूरती को बरकरार रखने के लिए मलाई और हल्दी का पेस्ट तैयार करें। इसे आप कम समय में घर पर ही तैयार कर सकते हैं।

**हल्दी और मलाई पेस्ट के लिए सामग्री**

- हल्दी
- मलाई
- गुलाब जल

**हल्दी और मलाई पेस्ट बनाने का तरीका**

- सबसे पहले आप एक साफ कटोरी में ताजी मलाई बना लें।
- अब इसमें चुटकी भर हल्दी मिक्स कर लें और इन दोनों सामग्री को अच्छे से मिक्स कर लें।
- इस पेस्ट में गुलाब जल को भी डाल दें, आप चाहे तो गुलाब जल का इस्तेमाल कर सकती हैं।
- गुलाब जल आपके हल्दी और मलाई वाले पेस्ट को खुशबूदार बना देगा और आपकी त्वचा को सॉफ्ट बनाएगा।
- इस पेस्ट को रात को सोने से पहले चेहरे पर जरुर लगाएं।
- हल्दी और मलाई के इस पेस्ट को आप कम से कम 40 मिनट तक चेहरे पर लगा रहने दें।
- इसके बाद साफ पानी से चेहरे को धो लें और फेस मॉइस्चराइजर लगा लें।
- यह आपकी स्किन को ग्लोइंग के साथ ही मुलायम बनाएगा। इस पेस्ट को आप एक हफ्ते में कम से कम दो बार जरुर लगाएं।
- इस पेस्ट को आप गर्दन पर लगा सकते हैं। सर्दियों के लिए यह पेस्ट जादुई है, क्योंकि यह स्किन को मॉइस्चराइज करता है।


होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
2026 डायरी, कैलेन्डर
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha, Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS MENS TEENAGERS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान
रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch 9324652370
Bandra Branch 8108888280
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682






बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
पता: टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक रविवार 9 से 1 बजे तक
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाशय में छाला, अन्दरूनी रक्तस्त्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समयः 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी [नियर पासपोर्ट ऑफिस]

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थ्रोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170